दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

www.navpradesh.com रांची, बुधवार, 15 जनवरी 2020 माघ, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी, विक्रम संवत-2075, वर्ष-04, अंक-200, पृष्ठ-12, मूल्य-3.00, रांची (झारखंड), बिलासपुर-रायपुर (छत्तीसगढ़) एवं भोपाल (मध्यप्रदेश) से एक साथ प्रकाशित

न्यूज गैलरी

उत्तरी कश्मीर में कई हिमस्खलन, 4 जवान शहीद

श्रीनगर। भारी बर्फबारी की मार झेल रहे उत्तरी कश्मीर में पिछले 48 घंटे कई हिमस्खलन में कुल 4 जवान शहीद हो गए हैं। सैन्य सूत्रों बताया कि माछिल सेक्टर में सेना की एक चौकी पर हुए हिमस्खलन में तीन सैनिकों की जान चली गई जबकि एक लापता है। उन्होंने बताया कि एक अन्य जवान को बचा लिया गया है। लापता जवान की तलाश के लिए राहत और बचाव अभियान जारी है। उधर, नौगाम सेक्टर में बीएसएफ के 4 जवान बर्फीले तूफान की चपेट में आ गए जिसमें तीन को बचा लिया गया है जबकि एक शहीद हो गया है। सेना के सूत्रों ने बताया कि माछिल सेक्टर में 3 जवान शहीद हुए हैं। बताया जा रहा है कि इलाके में बर्फीला तूफान आया था जिसमें ये जवान दब गए और उनकी मौत हो गई। इलाके से कई जवानों को बचाया गया है। लापता जवान की तलाश जारी है। बता दें कि कश्मीर घाटी में बीते कई दिनों से हो रही भारी बर्फबारी के बीच उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में एक बार फिर हिमस्खलन शुरू हो गए हैं।

बांदीपोरा जिले में भी हिमस्खलन उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले में भी सोमवार को हिमस्खलन की घटना हुई थी, जिसके कारण कुछ मकानों को नुकसान हुआ था। ऐवलॉन्च की घटना में फंसे 5 लोगों को सेना और प्रशासन की टीमों ने रेस्क्यू किया था। इससे पहले लेह में जांस्कर नदी पर बर्फ के ऊपर पानी बहने के बाद, चादर ट्रेक पर 41 ट्रेकर फंस गए थे जिन्हें बचा लिया गया था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ने भी खराब मौसम के कारण अगले दो दिनों के लिए चादर ट्रेक को अस्थायी रूप से बंद किए जाने की घोषणा की है।

लेह जिले के मैजिस्ट्रेट सचिन कुमार वैश्य ने कहा, 'बर्फ के ऊपर पानी के बहाव के कारण ट्रेकर टिब और नेयाक शिविरों के बीच फंस गए थे।

बढ़ती महंगाई पर बोलीं प्रियंका, भाजपा सरकार ने गरीब के पेट पर मारी है लात

नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने खुदरा मुद्रास्फीति की दर के 7.35 फीसदी तक पहुंच जाने को लेकर मंगलवार को भाजपा सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने गरीब की जेब काटकर उसके पेट पर लात मारने का काम किया है। प्रियंका ने ट्वीट कर कहा, सब्जियां, खाने पीने की चीजों के दाम आम

निर्भया के दो दोषियों की क्यूरेटिव याचिका खारिज, फांसी का रास्ता साफ

नयी दिल्ली। 2012 दिल्ली सामूहिक बलात्कार मामले के दो दोषियों- विनय कुमार शर्मा और मुकेश सिंह की समीक्षा याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय पीठ ने निर्भया मामले के चार दोषियों को मौत की सजा सजा सुनाई थी।

दो दोषियों- विनय कुमार शर्मा और मुकेश सिंह की समीक्षा याचिका दायर की थी। न्यायमूर्ति एन वी रमणा, न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा, न्यायमूर्ति आर एफ नरीमन, न्यायमूर्ति आर भानुमति और न्यायमूर्ति अशोक भूषण की पीठ विनय शर्मा और मुकेश की ओर से दायर समीक्षा याचिका पर सुनवाई की।

फिलहाल मौत की सजा पाने वाले अन्य दो दोषियों अक्षय और पवन गुप्ता ने समीक्षा याचिका दायर नहीं की है। गौरतलब है कि निचली अदालत ने चारों दोषियों को 22 जनवरी को सुबह सात बजे फांसी देने के लिए मौत का वारंट जारी कर दिया है।

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को 2012 के निर्भया सामूहिक बलात्कार और हत्या मामले में मौत की सजा पाये चार मुजरिमों में से दो की सुधारात्मक खारिज कर दी। न्यायमूर्ति एन वी रमण की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने दोषी विनय शर्मा और मुकेश कुमार की सुधारात्मक याचिकाओं पर चैंबर में विचार के बाद उन्हें खारिज कर दिया। सुधारात्मक याचिका किसी व्यक्ति को उपलब्ध अंतिम कानूनी विकल्प है। पांच न्यायाधीशों की यह सर्वसम्मत राय थी कि इन दोषियों की सुधारात्मक याचिकाओं में कोई दम नहीं है। पीठ ने अपने आदेश में कहा, ''मौत की सजा के अमल पर रोक के लिये आवेदन भी अस्वीकार किया जाता है। हमने सुधारात्मक याचिकाओं और संबंधित दस्तावेजों का अवलोकन किया है। हमारी राय में रूपा अशोक हुर्रा बनाम अशोक हुर्रा एवं अन्य के मामले में 2002 केफैसले में इस न्यायालय द्वारा प्रतिपादित मानकों के दायरे में इसमें कोई मामला नहीं बनता है। सुधारात्मक याचिकायें खारिज की जाती हैं।'' न्यायाधीशों की इस पीठ के अन्य सदस्यों में न्यायमूर्ति अरूण मिश्रा, न्यायमूर्ति आर एफ नरीमन, न्यायमूर्ति आर भानुमति और न्यायमूर्ति अशोक भूषण शामिल थे।दिल्ली की एक अदालत ने सात जनवरी को इस मामले के चारों मुजरिमों को 22 जनवरी को सवेरे सात बजे तिहाड़ जेल में मृत्यु होने तक फांसी पर लटकाने के लिए आवश्यक वारंट जारी किया था। इसके बाद, नौ जनवरी को विनय और मुकेश ने सुधारात्मक याचिका दायर की थी। दो अन्य दोषियों अक्षय कुमार सिंह और पवन गुप्ता ने अभी तक सुधारात्मक याचिका दायर नहीं की है।

दक्षिण दिल्ली में 16-17 दिसंबर, 2012 की रात में चलती बस में छह दरिंदों ने 23 वर्षीय छात्रा से सामूहिक बलात्कार के बाद बुरी तरह से जख्मी हालत में पीड़िता को सड़क पर फेंक दिया था। इस छात्रा की बाद में 29 दिसंबर, 2012 को सिंगापुर के एक अस्पताल में मृत्यु हो गयी थी। इस सनसनीखेज अपराध में शामिल एक आरोपी राम सिंह ने तिहाड़ जेल में कथित रूप से आत्महत्या कर ली थी जबकि एक अन्य आरोपी नाबालिग था और उसके खिलाफ किशोर न्याय कानून के तहत कार्यवाही की गयी थी। इस नाबालिग को तीन साल तक सुधार गृह में रखा गया था। शेष चार आरोपियों को निचली अदालत ने मौत की सजा सुनायी थी, जिसकी पुष्टि उच्च न्यायालय ने कर दी थी। इसके बाद, मई, 2017 में उच्चतम न्यायालय ने चारों दोषियों की मौत की सजा बरकरार रखते हुये उनकी अपील खारिज कर दी थी। न्यायालय ने बाद में इन दोषियों की पुनर्विचार याचिकायें भी खारिज कर दी थीं।

यदि भारत आज सुरक्षित है तो इसका श्रेय हमारे बहादुर जवानों को जाता है : राजनाथ सिंह

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर मे आयोजित आर्मी वेटरन डे समारोह को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जवानों का हौसला बढ़ाया। जवानों को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि यदि भारत आज सुरक्षित है, न केवल सीमाएँ बल्कि देश की एकता भी सुरक्षित है तो इसका श्रेय आप जैसे बहादुर लोगों को जाता है, हमारे सशस्त्र बलों के जवानों को जाता है। सीडीएस पद के सृजन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अनुमति लेने का जिक्र करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि इस पद के लिए 20-21 साल से चर्चा चल रही थी कि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ होना चाहिए। लेकिन जैसे ही मैं रक्षा मंत्री बना, मैंने पीएम के साथ इस पर चर्चा की। उन्होंने एक पल के लिए भी इंतजार नहीं किया और इसके लिए अनुमति दे दी।

बीजेपी ने 70 में से 40 नाम किए तय, 17 जनवरी को होगा उम्मीदवारों का ऐलान

नयी दिल्ली। भाजपा के अध्यक्ष अमित शाह ने विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप देने के वास्ते सोमवार को पार्टी की दिल्ली इकाई के कोर समूह की बैठक की अध्यक्षता की। कोर समूह ने पार्टी उम्मीदवारों के नामों पर विचार करने और चुनाव प्रचार अभियान का जायजा लेने के लिए शनिवार की रात को शाह के आवास पर मैराथन बैठक की थी।

16 जनवरी को अदालत में लालू यादव की पेशी

सीबीआइ कोर्ट ने जेल प्रशासन को दिया आदेश

रांची। चारा घोटाला के डोरंडा कोषागार से 139 करोड़ रुपए अवैध निकासी मामले में अदालत ने लालू प्रसाद को पेश करने के लिए जेल प्रशासन को आदेश जारी किया है, 16 जनवरी को लालू प्रसाद यादव को जेल प्रशासन अदालत में पेश करेगी। इसी दिन लालू यादव का बयान दर्ज होगा। वहीं मामले में अभियुक्त तत्कालीन पशुपालन मंत्री विद्यासागर निषाद अदालत में पेश हुए, उनसे करीब 14 प्रश्न पूछे गए बाकी उन्होंने सिर्फ यही कहा कि मंत्री रहने के दौरान कई लोग उनसे मिलने आते थे वह इस मामले में निर्दोष हैं।

देश के बहुचर्चित चारा घोटाले के डोरंडा कोषागार मामले में 139 करोड़ रुपये अवैध निकासी मामला (आरसी 47ए/96) में बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव कब अदालत में बयान देंगे यह मंगलवार को साफ हो गया। चारा घोटाला की सुनवाई कर रहे सीबीआइ के विशेष जज एसके शशि की अदालत ने मंगलवार को लालू प्रसाद को अदालत में हाजिर करने के लिए जेल प्रशासन को आदेश जारी कर दिया है, 16 जनवरी को लालू प्रसाद यादव का बयान दर्ज होगा। वहीं, मंगलवार को घोटाले के दौरान बिहार के तत्कालीन पशुपालन मंत्री रहे विद्यासागर निषाद का बयान लिया गया। निषाद से इस दौरान कुल 14 सवाल पूछे गए। ध्यान रहे कि इस मामले में अब कुल 111 आरोपित ट्रायल फेस कर रहे हैं जिसमें 107 आरोपितों का बयान दर्ज हो चुका है। इसमें कई सुनाई गई है। अभियुक्तों पर आरोप है कि पशु को खिलाने वाला चारा, दवाई, स्वास्थ्य उपकरणों का फर्जी बिल पेश कर करोड़ों की अवैध निकासी की।

चार मामलों में सजा काट रहे हैं लालू प्रसाद

पूर्व सीएम लालू प्रसाद चारा घोटाले से जुड़े चार अलग-अलग मामलों में सजायाफ्ता हैं। दुमका कोषागार से अवैध निकासी मामले में सबसे ज्यादा सात-सात साल जेल की सजा सुनाई गई थी। फिलहाल लालू का पुलिस कस्टडी में रांची के रिम्स में इलाज चल रहा है।

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर दुमका, चाईबासा, देवघर, रांची कोषागार से अवैध तरीके से पैसा निकासी का मामला चल रहा है। इन चार मामलों में दोषी करार दिए जाने के बाद अदालत ने लालू को कुल 25 साल की सजा

पाकिस्तान को ऑक्सीजन देने और भारत पर प्रहार करने में कुशल है कांग्रेस : भाजपा

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को यह कहते हुए कांग्रेस पर हमला किया कि विपक्षी दल 'भारत पर प्रहार करने और पाकिस्तान को बचाने में कुशल है।' भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने आतंकवादी के साथ कथित संबंध को लेकर जम्मू कश्मीर के पुलिस अधिकारी दविंदर सिंह की गिरफ्तारी पर कांग्रेस के दो नेताओं द्वारा टिप्पणी करने को लेकर विपक्षी दल पर निशाना साधा। जम्मू कश्मीर में कुलगाम जिले के मीर बाजार में पुलिस ने शनिवार को एक अज्ञात वकील के अलावा पुलिस उपाधीक्षक सिंह को हिज्बुल मुजाहिदीन के दो आतंकवादियों के साथ गिरफ्तार किया था। यह वकील आतंकवादी संगठनों को मदद पहुंचा रहा था।

कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कांग्रेस नेता ने ट्वीट किया, ''अब सवाल यह पैदा होता है कि पुलवामा हमले के पीछे के असली गुनहगार कौन हैं? इस मामले पर नए सिरे से जांच की जरूरत है।'' उन्हीं की पार्टी के नेता रणदीप सुरजेवाला ने कहा, ''क्या दविंदर सिंह एक मोहरा है। या दविंदर सिंह ही षड्यंत्र का सूत्रधार है? इस सारे मामले की गंभीर और गहन जांच की जरूरत है।'' उन्होंने कहा, ''हम मांग करते हैं कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री गहन जांच कराकर वक्तव्य दें।''

पात्रा ने कहा कि कांग्रेस पाकिस्तान को ऑक्सीजन देने और भारत पर प्रहार करने वाले के तौर पर सिमट कर रह गयी है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दल का पड़ोसी देश का बचाव करने का इतिहास रहा है। उन्होंने कांग्रेस की तुलना एक ऐसे अजगर से की जो अपनी मां को ही निगल जाता है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और उनके बेटे राहुल गांधी को यह स्पष्ट करने की चुनौती दी कि क्या उन्हें इस बात में कोई संदेह है कि पुलवामा हमले के गुनहगार कौन हैं। कांग्रेस का संबंध पाकिस्तान से जोड़ते हुए पात्रा ने कहा कि ऐसे कई संयोग सामने आये हैं, जो साजिश को दर्शाते हैं।

लेवी वसूलने जा रहा टीपीसी के एरिया कमांडर गिरफ्तार

गिरफ्तार एरिया कमांडर महेश राम कई कांडों में रहा है शामिल

मेदिनीनगर। पलामू जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के मंगरदाहा गांव से पुलिस की विशेष टीम ने सोमवार रात छापामारी कर टीपीसी

2 महीना में कई वारदातों को टीपीसी ने दिया अंजाम

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की फरवरी में भारत आने की योजना : अधिकारी

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप अपने पहले भारत ट्रंप और मोदी लंबे समय से लंबित द्विपक्षीय ट्रेड डील के